हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

12 वजीर राठी ने संस्था को सौंप 250 पौधे



13 श्रीनिवास गुप्ता का किया अभिनंदन



## खबर संक्षेप



### जसबीर सैनी ने घटिया निर्माण पर दी चेतावनी

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने सेक्टर-9ए में बन रही तारकोल सड़कों का निरीक्षण करते हुए कहा कि गुणवत्ता में कमी मिली तो ठेकेदार के साथ ही अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। नायब सरकार विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेगी। टेंडर की शर्त अनुसार ही मौके पर काम होने चाहिएं।

### अखाड़ा जाने के लिए निकला किशोर लापता

**बहादुरगढ़।** अखाड़े में जाने के लिए घर से निकला एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, लाइनपार का निवासी करीब 15 वर्षीय शुभम तीन अप्रैल को खरखोदा अखाड़े में जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वह न तो अखाड़े पहुंचा और न ही घर वापस आया। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तमाम संभावित ठिकाने खंगाल लिए लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। लाइनपार थाना पुलिस ने अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

### आर्य समाज का मासिक वैदिक यज्ञ व सत्संग कल

**झज्जर।** रविवार को शहर के वैदिक कन्या स्कूल परिसर में आर्य समाज द्वारा मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आर्य समाज के महामंत्री लाला प्रकाशवीर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक यज्ञ से होगी। जिसमें आचार्य शतक्रतु वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ कराएंगे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में वैदिक प्रवचन होंगे। जिसमें एमडीयू रोहतक से आचार्य बलबीर अपने ओजस्वी प्रवचन देंगे। इसके अलावा आचार्य अरविंद गार्गी, आर्य दलीप सिंह सहित अन्य भजनोपदेशक मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर दूर-दूर से श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचकर आहुति डालेंगे।

### सांखोल में मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**बहादुरगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 14 अप्रैल को गांव सांखोल स्थित रविदास भवन में रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शिविर में रेडक्रास की टीम सेवा देगी। समस्त सांखोल ग्रामवासियों की ओर से यह आयोजन किया जाएगा। तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीणों ने लोगों को कार्यक्रम का न्योता दिया है।

### कैब लुटेरों का अभी तक सुराग नहीं

**बहादुरगढ़।** शाहपुर के पास कैब लूटने के मामले में पुलिस की टीमें तेजी से जांच कर रही हैं। हालांकि मामले में अभी तक किसी के गिरफ्तार होने की पुष्टि नहीं है लेकिन पुलिस द्वारा जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। पालम के निवासी रितिक के साथ यह वारदात हुई थी। रितिक ने अपनी गाड़ी ओला, उबर में लगा रखी है। बुधवार की देर रात को छतरपुर से उसकी गाड़ी बुक कराई गई। तीन युवक गाड़ी में सवार हुए। गाड़ी बुक तो नजफगढ़ के लिए की थी लेकिन वे चालक को बुपनिया तक ले आए। फिर यहां एक और साथी को बैठाया और शाहपुर में गाड़ी लूट ली गई। दो मोबाइल भी छीन लिए गए। इस संबंध में सदर थाना पुलिस जांच कर रही है। मामले में पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

## कचरा शेड के निर्माण में हुए घोटाले की जांच में आरोपियों को बचाने की कवायद

# पीडब्ल्यूडी ने पाया 8 लाख का नुकसान पंचायती राज ने साढ़े 95 हजार बताया

**गोलमाल**

■ पंचायती राज विभाग ने चार गांवों में कचरा शेड बनाने पर करीब साढ़े 18 लाख खर्च किए

■ शिकायत हुई तो जांच में सामने आया कि काम करीब साढ़े 10 लाख में हो जाना चाहिए था

■ इस तरह निर्माण में सरकार को करीब 8 लाख का नुकसान हुआ पाया गया

■ शिकायतकर्ता ने पूरे मामले में शामिल रहे अफसरों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पंचायती राज विभाग ने चार गांवों में कचरा शेड बनाने पर करीब साढ़े 18 लाख रुपए खर्चे। शिकायत हुई तो जांच में सामने आया कि यह काम करीब साढ़े 10 लाख में हो जाना चाहिए था। इस तरह सरकार को करीब 8 लाख का नुकसान हुआ पाया गया। लेकिन फिर जांच रिपोर्ट पर आरोपी विभाग ने कहा कि यह नुकसान करीब 95 हजार है। इसके बावजूद विभाग यह रकम रिकवर करने में नाकामयाब हुआ है।

### महराणा, दुजाना, दादरी तोए और तुम्बाहेड़ी में हुआ था निर्माण

बता दें कि गांव छारा निवासी सोशल एक्टिविस्ट राकेश कुमार द्वारा 4 साल पहले पंचायती राज विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा किया था। दरअसल, पंचायती राज विभाग द्वारा गांव महराणा, दुजाना, दादरी तोए और तुम्बाहेड़ी आदि में सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के नाम पर कूड़ा शेडों का निर्माण किया था। पंचायती राज विभाग द्वारा इन 4 शेड के निर्माण पर 18 लाख 44 हजार 772 रुपए खर्चे गए। शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने इस मामले में 16 सितंबर 2021 को अतिरिक्त उपायुक्त और पंचायत राज के कार्यकारी अभियंता को शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सीएम विंडो पर शिकायत

इसके बाद 6 जनवरी 2022 को भी शिकायत की गई, लेकिन जांच तक नहीं करवाई गई। ऐसे में राकेश ने 2 मार्च 2022 को सीएम विंडो पर शिकायत की। जिला परिषद के सीईओ को जांच के लिए अधिकृत किया गया। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को लोक निर्माण विभाग के झज्जर मंडल के एक्सईएन को जांच सौंपी। उन्होंने 2 मई 2024 को जांच रिपोर्ट सौंपी। जांच में लोक निर्माण विभाग ने माना कि महराणा गांव में निर्मित कचरा शेड पर 4 लाख 62 हजार 544 रुपए, दुजाना के कचरा शेड पर 5 लाख 5 हजार 313, तुम्बाहेड़ी के कचरा शेड पर 5 लाख 13 हजार 902 और दादरी तोए के कचरा शेड पर 3 लाख 63 हजार 13 रुपए खर्च कर दिए गए। जबकि इन पर 10 लाख 57 हजार 938 रुपए ही खर्च होने चाहिए थे। ऐसे में केवल 4 गांवों में कचरा शेड बनाने के नाम पर सरकार को 7 लाख 86 हजार 834 रुपए का चूना लगा दिया गया।



विंडो में शिकायत के बाद जांच में मिली लाखों की गड़बड़ी

गांवों में कचरा शेड बनाने में भी लगाया सरकार को चूना

दोषियों को दंडित कर रिकवरी करने की मांग

**बहादुरगढ़।** हरिभूमि के 27 मार्च 2023 अंक में प्रकाशित संबंधित समाचार।

### अतिरिक्त बिल बनाकर सरकारी धन का गबन



शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने इस पूरे मामले में शामिल रहे अधिकारियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनके अनुसार दोषी पंचायती राज विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच रिपोर्ट में मिले घोटाले को 8 गुणा कम करने पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने सरकार को हुए नुकसान की राशि रिकवर करने की मांग की। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों के अतिरिक्त बिल बनाकर सरकारी धन का गबन किया जा रहा था।

### कार्यकारी अभियंता ने मांगा जवाब

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सीईओ ने इसके बाद पंचायती राज झज्जर के कार्यकारी अभियंता से ही जांच रिपोर्ट पर टिप्पणी मांगी। हैरत की बात है कि पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता ने 13 नवंबर 2024 को बताया कि महराणा, दुजाना व तुम्बाहेड़ी में बनाए कचरा शेड में कोई हानि नहीं हुई। जबकि दादरी तोए में बने कचरा शेड में 95 हजार 525 रुपए की अधिक अदायगी मिली। सीईओ कार्यालय ने पंचायती राज विभाग के पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को यह रकम जमा करवाने के लिए 20 जनवरी, 3 फरवरी व 27 फरवरी को रिमाइंडर लिखे हैं।

# पहले गोली मारी फिर शव को कुएं में फेंका

## घुग्घू पहलवान सात दिन से लापता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सप्ताहभर से लापता मांडोठी निवासी एक पहलवान का शव गांव के ही कुएं से क्षत विक्षत हालत में बरामद हुआ। गोली मारकर उसकी हत्या की गई और फिर चक्की के पाट से बांधकर उसे कुएं में फेंक दिया गया। मामले में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। आरोपी को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि में उससे वारदात में प्रयोग किए गए हथियार की बरामद की जाएगी। साथ ही अन्य आरोपियों का पता लगाकर भी उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। मृतक की पहचान करीब 43 वर्षीय राकेश उर्फ घुग्घू पहलवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तीन भाईयों में मंझला राकेश दो बच्चों का पिता था। खेती बाड़ी करता था। गत 27 मार्च को वह लापता हुआ था। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। कहीं नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। राकेश के लापता होने के पीछे परिजनों ने एक व्यक्ति पर शक जताया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गांव के निवासी देवेंद्र उर्फ सोनू को राउंड अप कर पूछताछ की। पुलिस ने सख्ती बरती तो आरोपी देवेंद्र ने हकीकत बयां कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने बताया है कि उसकी भाभी के साथ मृतक राकेश के अवैध संबंध थे। इसी वजह से यह वारदात हुई। दूसरी तरफ पुलिस ने आरोपी देवेंद्र को अदालत में पेश किया। जहां से पूछताछ के लिए उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया। मामले में उसके साथ अन्य लोगों के शामिल होने की भी संभावना है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

### पुलिस ने कुएं से शव बाहर निकलवाया



मामले में सामने आया कि उसने राकेश को खेतों में बुलाया था। फिर वहां उसको गोलियां मार दी। गोली लगने के बाद भी राकेश पर पत्थर से वार किए गए। इसके बाद शव को खुर्द बुर्द करने के मकसद से गर्दन को लोहे की जंजीरों से चक्की के पाट (पत्थर) से बांधकर कुएं में धकेल दिया ताकि शव नीचे ही रह जाए। इसके बाद पुलिस कुएं पर पहुंची। वहां कुएं में राकेश पहलवान का शव पाया गया। जैसे तैसे पानी से उसे बाहर निकाला गया। इसके बाद नागरिक अस्पताल में रखवाकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई।


### आरोपी रिमांड पर

मांडोठी के एक व्यक्ति की हत्या कर उसे कुएं में फेंक दिया गया था। आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई है। आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

# शेरिया के खेत में लगे सोलर प्लेट और कंट्रोलर जलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव शेरिया के खेत में लगाए गए सोलर प्लेट व कंट्रोलर झुलसे हुए मिले तो पीड़ित किसान द्वारा इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। किसान कुलबीर का कहना है कि उसने अपने खेत मे सोलर प्लेट व कंट्रोलर लगवाया हुआ है। बीती 31 मार्च को जब वह अपने खेत में काम करने गया था तो प्लेट सही थी। इसके उपरांत जब वह फिर से दो अप्रैल की शाम करीब सात बजे अपने खेत में पहुंचा तो वहां सोलर प्लेट व कंट्रोलर जले हुए थे। इसमें छह सोलर प्लेट व एक कंट्रोलर जला हुआ था। पीड़ित किसान का कहना है कि यह आग किसी व्यक्ति द्वारा लगाई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



झज्जर। खेतों में जली सोलर प्लेट।

### झांसा देकर साइबर ठगी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा टास्क पूरा करने का झांसा देकर साइबर फ्रॉड करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय मलिक ने बताया कि बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ललित निवासी बडला गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा राजस्थान के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### तेरह नए चिकित्सकों ने संभाला कार्यभार



**झज्जर।** प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में नए डॉक्टर की नियुक्ति की गई है। सीएमओ डॉक्टर जयमाला द्वारा जिले में नियुक्त हुए सभी तेरह चिकित्सकों का स्वागत किया। सिविल सर्जन कार्यालय में नियुक्ति चिकित्सकों को संबोधित करते हुए सीएमओ ने कहा कि समाज में चिकित्सक को भगवान का दूसरा नाम दिया गया है। इसलिए हमें अस्पताल में आने वाली रोगियों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए मेहनत के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से भी आमजन को अवगत कराने के लिए प्रेरित किया। बैठक में उप सिविल सर्जन डॉक्टर टीएस बागड़ी ने भी नव नियुक्त चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग में चल रहे कार्यक्रमों बारे विस्तार से जानकारी दी।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, रिमांड पर

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी माछरौली संयम ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लिए हुए गांव माछरौली श्मशान भूमि की ओर जाते हुए देखा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए एएसआई राजीव कुमार की टीम को श्मशान भूमि वाले चौक मेन सड़क नेशनल हाईवे 71 पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा शक के आधार पर युवक को पकड़ते हुए उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान मन्नू निवासी माछरौली जिला झज्जर के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## खानपुर खुर्द में बारातियों में झगड़ा, पुलिस को दी शिकायत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खानपुर खुर्द में बारातियों में झगड़ा हो गया। पुलिस को दी शिकायत में चरखीदादरी जिले के रानिला गांव निवासी बिजेंद्र ने बताया कि बीती दो अप्रैल को जिले के गांव खानपुर खुर्द में उसके भतीजे की शादी थी। बारात में शामिल होने के लिए उसका भाई सुरेंद्र भी अपने परिवार के साथ आया हुआ था। जब विवाह समारोह के बाद वे गाड़ी में वापिस लौटने लगे तो रानिला गांव निवासी रविंद्र, विकास, मंजी आदि ने अपने साथियों के साथ उनका रास्ता रोक लिया और वे उनके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान लोगों द्वारा बीच-बचाव कराया गया। बिजेंद्र के अनुसार इसके बाद आगे चलकर भी आरोपियों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की तो उन्होंने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। पुलिस आने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद मैं अपने भाई व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चरखी दादरी के अस्पताल में उपचार कराने पहुंचा। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। बिजेंद्र के अनुसार वे दोनों भाई भारतीय सेना में सेवारत हैं इसलिए उनके बुढ़े माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य घर पर अकेले रहते हैं। जिससे भविष्य में भी मारपीट का खतरा है।

# 11170 एमटी सरसों की खरीद, उठान हुआ केवल 5766 एमटी

■ उठान धीमी गति से होने से आढ़ती और किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अनाज मंडी परिसर से सरसों का उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण आढ़तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन को सूचित करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। अनाज मंडी में आढ़तियों की दुकानों के बाहर सरसों की ढेरियां लगी हुई है और सरसों से भरी हुई बोरियां रखी हुई है। गेहूं की फसल लेकर भी किसान मंडी में पहुंच रहे है, जगह नहीं होने के कारण किसान भी परेशान है। इसलिए आढ़ती उठान कार्य में तेजी लाने की मांग कर रहे है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उधर, डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अब तक जिले में कुल 11170 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है, जबकि 16962 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। इसमें से 5766 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी सरसों की ढेरियां व रखी हुई बोरियां।

### बहादुरगढ़ : शुक्रवार को मंडियों में आया साढ़े 1300 क्विंटल गेहूं

**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी में एक तरफ जहां सरसों की खरीद जारी है, वहीं गेहूं की फसल भी आने लगी हैं। शुक्रवार को बहादुरगढ़ और आसौदा की मंडी में गेहूं की फसल के 20 गेट पास कटे। करीब साढ़े 1300 क्विंटल फसल भी आई लेकिन सरकारी खरीद नहीं हो सकी। सोमवार से सरकारी खरीद चालू होने की संभावना है।

बात सरसों की करें तो शुक्रवार को यहां बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 40 गेट पास कटे और 796 क्विंटल फसल आई। इसमें से 724.5 क्विंटल खरीद ली गई। मंडी में अब तक 7389 क्विंटल फसल आ चुकी है। जिसमें से 5821 क्विंटल फसल खरीदी जा चुकी है। अभी तक 3185 क्विंटल का उठान हो चुका है। वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ के अलावा आसौदा की मंडी में भी गेहूं की खरीद होनी है। वीरवार को आसौदा की मंडी में एक ही गेट पास कटा था लेकिन शुक्रवार को 9 गेट पास कटे और 708 क्विंटल गेहूं आया। आसौदा की मंडी में अभी तक कुल 783 क्विंटल गेहूं आ चुका है। दूसरी तरफ बहादुरगढ़ की मंडी में 11 गेट पास कटे और 647 क्विंटल गेहूं की फसल आई। दोनों ही मंडियों में गेहूं का एक भी दाना नहीं खरीदा जा सका। हालांकि सोमवार से मंडी में फसल आने में तेजी और खरीद शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

# मकान के बाहर से लाखों रुपये का सरिया चोरी

**बहादुरगढ़।** निर्माणधीन मकान और उनमें रखा सामान चोरों के निशाने पर हैं। अब गांव निलोठी में वारदात हो गई। यहां एक मकान के बाहर रखा लाखों रुपये का सरिया चुरा लिया गया। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निलोठी के निवासी संजय का कहना है कि वह डीटीसी में है। इन दिनों अपना मकान बनवा रहा है। लैंटर डालने के लिए खरखोदा स्थित स्टॉक से सरिया मंगवाया था। अलग अलग मोटाई का करीब 17 क्विंटल सरिया निर्माणधीन मकान के बाहर ट्रैक्टर में लोड था। रात करीब 11 बजे मैं सो गया। इसी दौरान चोरों ने वारदात कर दी। सुबह जब आंख खुली तो सारा सरिया गायब था। सरिये की कीमत करीब पांच लाख रुपये है।




संभवतः चोरों की संख्या काफी रही होगी और वे यकीनन वाहन साथ लाए थे। उधर, सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने संजय की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में लगातार इस तरह की वारदात हो रही हैं। आए दिन किसी न किसी निर्माणधीन मकान में वारदात हो रही है।

## खबर संक्षेप

### गांव जलियावास से 15 दिन से लापता व्यक्ति

**कसोला।** गांव जलियावास से एक व्यक्ति लापता हो गया। गांव जलियावास निवासी नरेश कुमार ने कसोला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया उसका 34 वर्षीस छोटा भाई दीपक विवाहित है। उसका भाई घर से बिना बताए कही चला गया है। दीपक 22 मार्च से घर से लापता है। नरेश ने सभी रिश्तेदारी व दोस्तों से पूछताछ करने व हर जगह तलाश करने के बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### जूस की दुकान से मशीन का इंजन ले गए चोर

**नाहड़।** बव्वा-कारोली मार्ग स्थित दुकान से इंजन चोरी हो गया। गांव बव्वा निवासी राजेन्द्र सिंह ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बव्वा-कारोली मार्ग पर जूस की दुकान की हुई है तथा गन्ने की मशीन चलाने के लिए एक इंजन लगाया हुआ था। एक अप्रैल को कोई मशीन का इंजन चोरी करके ले गया। काफी तलाश करने पर भी इंजन का पता नहीं चलने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर घायल

**कोसली।** कोसली बाइपास पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। विश्वकर्मा कॉलोनी कोसली भाकली-2 निवासी उदयभान ने पुलिस को बताया कि उसकी कोसली बाजार में श्रीराम ट्रैडर्स के नाम से दुकान है तथा दुकान पर राहुल निवासी बिठला जिला झज्जर मुंशी का काम करता है। गत 31 मार्च को उसको सूचना मिली कि दुकान आते समय कोसली बाइपास नवरत्न होटल के आगे ट्रैक्टर चालक ने राहुल की बाइक को टक्कर मार दी। सड़क से गुजर रहे अमन निवासी लडायन ने डायल-112 पर काल की और राहुल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर उदयभान भी सरकारी हस्पताल पहुंच गया। गंभीर चोटों के कारण सरकारी अस्तपाल कोसली से राहुल को पीजीआई रोहतक दाखिल रेफर कर दिया गया। कोसली थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### धार्मिक कार्यक्रम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से राम रनवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम की आराधना का कार्यक्रम मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम का आयोजन 6 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि गांव रामपुरा के सरपंच नरेश यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से नवप्रेरणा संस्था के प्रधान हरीश मलिक, पर्यावरणविद डा. अनुराधा सैनी, पार्षद सुचित्रा चांदना व हैल्थ एंड वैलनेस कोच डा. सपना यादव का अभिनंदन किया जाएगा।

### चेक बाउंस के मामले में फरार पीओ गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने अदालत की ओर से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए



आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला उदयपुर के मुल्ला तलाई गांधीनगर निवासी आरिफ मोहम्मद के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था।

### पंजाबी बिरादरी ने तय की किन्नरों की राशि

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को पंजाबी बिरादरी की मीटिंग प्रधान प्रेमनाथ गेरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब किन्नरों को हर खुशी के मौके पर 3100 रुपये ही शगुन दिया जाएगा। प्रधान ने कहा कि अब शादी, सगाई व मकान का गृह प्रवेश सहित अन्य खुशी के मौके पर किन्नरों को तय की गई राशी ही दी जाएगी। अगर कोई किन्नर बिरादरी के लोगों को पेरशान करता है तो डायल-112 पर सूचना दे सकते है।

## राजकीय महाविद्यालय के गणित विभाग ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

# सुडोकू चैंपियनशिप में दिखाई प्रतिभा





**बहादुरगढ़।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थी तथा झज्जर में महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ मौजूद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में गणितीय विभाग की मैथोहोलिक सोसायटी द्वारा सुडोकू चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश दलाल ने विद्यार्थियों को गणित के बारे में प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आशा ने प्रथम मुकुल, देव ने द्वितीय, छवि व इशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मोनिका, प्रो. हीरा और प्रो. रीना शामिल रहे। प्राचार्य डॉ सुमन हुड्डा ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की। आयोजकों में प्रो. अनुराधा, दीपक, अंकिता व अंजू शामिल थे। इस अवसर पर प्रो. नीतू कटारिया, प्रो. राकेश सिंह, प्रो. पिंकी व डॉ. अनूप आदि उपस्थित रहे।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रवीण प्रथम

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग में शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थियों ने अपने पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का पर्यावरण और मानव पर नकारात्मक प्रभाव जैसे विषयों पर पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार पूनिया के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता परिणामों में बीए तृतीय वर्ष के छात्र प्रवीण ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कविता को दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका और पूजा को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। निर्णयक मंडल की भूमिका में डॉक्टर ललित कुमार, सुनीता बेनीवाल, राजमल और दीपा यादव शामिल रहे। प्राचार्य प्रोफेसर दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**बहादुरगढ़।** वजीर राठी से पौधे लेकर जाते ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# वजीर राठी ने संस्था को सौंपे 250 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- शहर में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे पूर्व पार्षद

शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण के लिए पूर्व पार्षद वजीर सिंह राठी ने शुक्रवार को क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट को करीब 250 पौधे सौंपे। इनमें आम, जामुन, शहतूत, कढ़ी पत्ता और चीकू समेत कई प्रकार के फूल वाले पौधे शामिल हैं। संस्था की ओर से पौधे प्राप्त करते हुए वजीर सिंह दहिया ने राठी का आभार जताया।

पूर्व पार्षद वजीर राठी ने बताया कि पूरे विश्व पर अगर सबसे अधिक खतरा पर्यावरण प्रदूषण से है। बढ़ता प्रदूषण मानव के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने ये पौधे स्वयं तैयार किए और रोपने के लिए संस्था को निशुल्क सौंप दिए। उन्होंने कहा कि अगर हम आज फलदार पौधे लगाते हैं, तो कुछ सालों बाद इसके फल भी खा सकेंगे। वजीर सिंह राठी इससे पहले भी कई बार संस्था को पौधे उपलब्ध करा चुके हैं। उन्होंने आमजन से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील करते हुए बताया कि अभी उनके पास करीब 100 पौधे बचे हुए हैं। जिन्हें वे निशुल्क उपलब्ध करवाएंगे। वजीर सिंह दहिया ने कहा कि ऐसे प्रयासों से शहर के लोगों के मन में भी प्रदूषित होते पर्यावरण के बारे में जागरुकता पैदा होगी।

## योग के साथ साप्ताहिक अभियान शुरू



**बहादुरगढ़।** योगाभ्यास करती वैश्य कॉलेज की स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में यूथ रैडक्रॉस व रैड रिबन सेल द्वारा स्वस्थ मन-स्वस्थ तन साप्ताहिक अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान 10 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान वाईआरसी स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास किया। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन व मस्तिष्क का निवास होता है। हमें योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। वाईआरसी प्रभारी डॉ नेहा नैन ने रोग निवारक, स्वास्थ्य देखभाल और संतुलित पोषण के महत्व को रेखांकित किया। प्रीति ने स्वयंसेविकाओं को योग की विभिन्न मुद्राओं से अवगत करवाया। इस दौरान डॉ दीपिका यादव व ज्योति भी मौजूद रहीं।

# बलजीत सिंह बने खाद बीज संगठन के जिला प्रधान

- बलवान हसनपुर को मिली उप प्रधान पद की जिम्मेवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को जिले के सभी खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेता सरकार की ओर से पारित किए गए एक्ट के विरोध में रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटू राम धर्मशाला में एकत्रित हुए। यहां पर खाद बीज संगठन की ओर से कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी गठन के दौरान सर्व सम्मति द्वारा बलजीत सिंह को प्रधान व बलवान हसनपुर को उप प्रधान पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। इनके अलावा सचिव के रूप में नवीन



**झज्जर।** बैठक के दौरान चौधरी छोटूराम धर्मशाला में एकत्रित खाद बीज विक्रेता।

अहलावत को चुना गया। इसी चरण में ब्लॉक स्तर पर भी प्रधान पद का चुनाव किया गया जिसमें मातनहेल ब्लॉक से गुरदीप, बेरी से अमित, बहादुरगढ़ से अशोक, माछरौली से सोनू गोदारा, साल्हावास से मोनू, बादली से जितेश तथा झज्जर ब्लॉक से नवीन गुढ़ा को ब्लॉक प्रधान बनाया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने व उनकी मांग के संबंध में पुरजोर आवाज उठाने का आश्वासन दिया। उप प्रधान बलवान हसनपुर से बताया कि सभी खाद बीज विक्रेता रविवार को कुरुक्षेत्र में होने वाली बैठक में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इसके लिए सभी खाद एवं बीज विक्रेता डीघल टोल पर सुबह सात बजे एकत्रित होंगे तथा इसके बाद कुरूक्षेत्र की ओर प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसके बाद भी नहीं मानती है तो खाद बीज विक्रेता दुकानों को बंद करने का काम भी करेंगे। इस मौके पर प्रमोद बंसल, कंवरपाल राजावत, साहिल, नरेंद्र राव, हरवीर दलाल, रविंद्र, अशोक राठी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम रविन्द्र मलिक ने आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और भूमि रिकॉर्ड आदि से जुड़ी समस्याएं दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकारी योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों तक सीधे पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का हल एक ही स्थान पर मिले।

# स्थानीय देशी फलों को प्राथमिकता देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

आधुनिकता और दिखावे के इस दौर में लोग आसानी से मुफ्त में उपलब्ध होने वाले शहतूत, पिलपोट्टन, मकोय जैसे स्थानीय मौसमी फलों को भूलने लगे हैं। क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्यों ने इस विषय पर चर्चा की और स्थानीय फलों के महत्व पर प्रकाश डाला। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने लोगों को स्थानीय फलों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया है। पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि बाजारीकरण के चलते लोग महंगे और रसायन युक्त फल खा रहे हैं। इससे उनकी जेब भी ढीली होती है और बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जबकि स्थानीय फलों से बेहतर कुछ नहीं होता। पहले शहतूत, मकोय,



**बहादुरगढ़।** मकोय दिखाते पर्यावरण प्रेमी वजीर सिंह दहिया। फोटो : हरिभूमि

पिलपोट्टन जैसे फल खूब खाए जाते थे। आसानी से ये हमें कहीं भी मुफ्त में प्राप्त हो जाते थे। अब इनके पौधों, पेड़ों में भी कमी आई है। वजीर सिंह दहिया ने कहा कि इस मौसम में शहतूत, बेर, मकोय और पिलपोट्टन जैसे स्थानीय फल उपलब्ध हैं। ये फल न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि इनमें कई पोषक तत्व भी होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। स्थानीय फलों का सेवन करने से न केवल हमारे स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होता है। स्थानीय फलों की खेती में कम कीटनाशकों का उपयोग होता है, जिससे हमारे पर्यावरण में कम प्रदूषण होता है। लोग स्थानीय फलों का सेवन करें। अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए योगदान करें।

### भगवान श्रीराम की शोभायात्रा कल

**झज्जर।** हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 के शुभ आगमन पर नवरात्र एवं चैत्र शुक्ल पक्ष की रामनवमी को शहर में भगवान राम को सूर्य तिलक किया जाएगा। प्राचीन रामलीला कमेटी के प्रधान अंकुश दूहन ने बताया कि शहर के बहादुरगढ़ रोड स्थित श्री प्राचीन रामलीला मैदान में छह अप्रैल को बारह बजे होने वाले इस समारोह में सूर्य तिलक भगवान राम की शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी जो रामलीला मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों से गुजरेगी।

**बाइक चोरी मामले में एक नाबालिग पकड़ा:** क्षेत्र के गांव माछरौली में मोटरसाईकिल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को पकड़ा गया है। थाना प्रभारी माछरौली संयम ने बताया कि रणबीर निवासी गांव माछरौली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई मामन राम की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को पकड़ा गया है। जिससे चुराई गई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।

### चालक के साथ मारपीट कर कार और पर्स लेकर आरोपी फरार

- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए

**रेवाड़ी।** वीरवार देर रात तीन युवक नूरगढ़ रोड पर कार में सो रहे एक किसान के साथ मारपीट करने के बाद कार व पर्स लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। यह कार झज्जर के लुहारी गांव के पास लावारिस हालत में बरामद हो गई। गुरावड़ा निवासी विनोद व उसका भाई सुरेश नूरगढ़ रोड पर अपने खेत में गेहूं निकालने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली से घर लौट रहे थे। रास्ते में ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में गेहूं होने के कारण विनोद अपने भाई सुरेश को ट्रॉली के पास छोड़कर घर चला गया। बाद में वह अपनी बलेनो कार से ट्रॉली के पास पहुंच गया। उसने सुरेश को घर भेज दिया। खुद साइड में कार लगाकर उसमें सो गया। पुलिस बयान में विनोद ने बताया कि रात को करीब साढ़े 12 बजे दो युवक उसके पास आए। दोनों ने उसके साथ हाथापाई करना शुरू कर दिया। उसने दोनों का जमकर मुकाबला किया।

# शिविर में 36 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सहयोग से डावला गांव के बाबा हरिदास मंदिर परिसर में कैंसर पीड़ितों की सहातार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाढ़सा एम्स के ब्लड बैंक की टीम ने सेवाएं दीं। आयोजक कमेटी सदस्य पवन कुमार ने बताया कि शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। बाबा हरिदास मंदिर कमेटी सदस्यों द्वारा शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर



**झज्जर।** रक्तदाताओं को प्रमाण देकर उत्साहवर्धन करते हुए आयोजक कमेटी सदस्य।

सम्मानित किया गया। इसके अलावा रक्तदाताओं को भी प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर आयोजक कमेटी सदस्य भोलू, कपिल, जयहिंद, नीरज पंडित, मोनू, धीरज, रवि, कुंज दलाल, राजेश नंबरदार, राजा नंबरदार, ओमवीर, पूर्व सरपंच राजेंद्र, अमीर सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने का आरोप सीएम व डीसी को प्रेषित की शिकायत

- पत्र में रजिस्ट्री व इंतकाल पर रोक लगाने की मांग की

**रेवाड़ी।** पाडला में प्लॉट की जगह एग्रीकल्चर लैंड दिखाकर फर्जी तरीके से जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित ने सीएम और डीसी को शिकायत प्रेषित की है। पत्र में रजिस्ट्री व इंतकाल पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत पत्र में अमरपाल ने बताया कि रिश्ते में उसके चाचा लगने वाले व्यक्ति ने एक जमीन की रजिस्ट्री गत 21 मार्च को कराई है। रजिस्ट्री कराते समय उसके दादा का नाम भी शामिल किया गया है, जबकि उसके दादा की मौत वर्ष 1998 में ही हो चुकी है। उसके हिस्सेदार गैर मरूसी काबिज हैं। उसने आरोप लगाया कि जमीन की रजिस्ट्री फर्जी तरीके से कराई गई है। रजिस्ट्री 508 वर्ग गज प्लॉट में होनी थी, परंतु अधिकारियों से सांठगांठ करते हुए रजिस्ट्री कृषि भूमि की दिखाकर कराई गई है। रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत एक कर्मचारी की इसमें भूमिका रही है। रजिस्ट्री कराते समय नंबरदार भी दूसरे गांव का गवाह बनाया गया है।

## समाजसेवी व व्यापारी 15 साल से कर रहे सेवा

# समाज के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन करवा रहा माता अन्नपूर्णा सेवा संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों व दुकानदारों ने सहयोग से पिछले करीब 15 वर्षों से माता अन्नपूर्णा सेवा संगठन निरंतर चलाया जा रहा है। निःशुल्क भोजन के लिए क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके इस संस्थान में रोजाना करीब एक सौ लोगों को निःशुल्क भोजन कराया जा रहा है।

संगठन के संस्थापक डॉक्टर सुभाष वर्मा ने बताया कि शहर के प्राचीन खाटू श्याम मंदिर के नजदीक स्थित इस संस्थान से कोई भूखा नहीं जाता। माता अन्नपूर्णा सेवा संगठन का उद्देश्य है कि बाढ़ हो या सूखा, कोई न रहे भूखा। उन्होंने बताया कि भूखों को भोजन कराने की सोच 3



**झज्जर।** जरुरतमंद लोगों को भोजन कराते हुए माता अन्नपूर्णा संगठन सदस्य।

अप्रैल 2010 को 15 वर्ष पहले बनी थी जिसके चलते आज स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। चौपटा बाजार के दुकानदारों ने मजदूरों और बेसहारा लोगों के लिए रोजाना भोजन बनाए जाने का विचार किया। इसके उपरांत दुकानदारों ने माता अन्नपूर्णा सेवा संगठन का गठन कर काम करना शुरू किया। धीरे-धीरे शहर के अन्य लोग भी संगठन से जुड़ते चले गए। जिसके श्रद्धालु कभी अपने परिजनों की याद में, कभी विवाह वर्षगांठ तो कभी अपने बच्चों के जन्म दिन के उपलक्ष्य में यहां भोजन की सेवा देने लगे। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन मुहैया कराने के अलावा संगठन सदस्यों द्वारा सर्दियों में कंबल वितरण भी किया जाता है।

# विशेष बच्चों के लिए हेल्परों को किया प्रशिक्षित



**बहादुरगढ़।** कार्यशाला में उपस्थित जीडी गोयनका स्कूल का स्टॉफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में स्कूल काउंसलर द्वारा शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की गई। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में स्कूल हेल्परों को संवेदनशील बनाने के लिए यह कार्यशाला हुई। विद्यालय निदेशिका शैलजा जून के मार्गदर्शन में इस तरह की कार्यशालाओं का नियमित अंतराल पर आयोजन किया जाता रहा है। स्कूल प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय द्वारा विशेष छात्रों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्कशॉप में स्कूल कर्मचारियों व नैनियों को बच्चों की विविध आवश्यकताओं के बारे में शिक्षित किया गया। प्रभावी कार्यशाला में विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को घर से विद्यालय तक लाने और ले जाने संबंधी विशेष दिशा निर्देश दिए गए। इन छात्रों की आवश्यकता अनुसार देखभाल और सहायता के विषय में भी कर्मचारियों और नैनियों को शिक्षित किया गया।

## खबर संक्षेप

### देवीलाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कल

**बहादुरगढ़।** शहर के देवीलाल पार्क में पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर रविवार 6 अप्रैल को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए इनेलो के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी ने बताया कि सभी कार्यकर्ता 6 अप्रैल को सुबह 6 बजे देवीलाल पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत दिल्ली के संघर्ष स्थल में आयोजित सर्व धर्म सभा में शामिल होने के लिए रवाना होंगे।

### कल स्थापना दिवस मनाएगी भाजपा

**बहादुरगढ़।** भाजपा द्वारा रविवार 6 अप्रैल को मंडल से लेकर प्रदेश स्तर तक स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा को प्रदेश के सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झज्जर जिले में रामफल सैनी को जिला संयोजक, रत्न सागर, बसंत व ऋषि भारद्वाज को सह-संयोजक बनाया गया है। झज्जर कार्यालय में राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि, राजपाल जांगड़ा व जिला प्रभारी कैप्टन भूपेंद्र मौजूद रहेंगे।

### जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता सात को

**झज्जर।** आगामी सात अप्रैल को स्थानीय महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मुक्केबाजी कोच हितेश देशवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंच कर पंजीकरण करा सकते हैं। सुबह सात बजे खिलाड़ियों को वेट किया जाएगा जिसके बाद ग्यारह बजे से मुकाबले शुरू किए जाएंगे। इसके अतंर्गत लड़कों के वर्ग में 47 किलोग्राम भार वर्ग से लेकर 90 किलोग्राम भार वर्ग से अधिक की विभिन्न कैटेगरी तथा लड़कियों में 45 किलोग्राम भार वर्ग से 80 किलोग्राम भार वर्ग तक की विभिन्न कैटेगरी में खिलाड़ी का चयन किया जाएगा।

- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंच कर पंजीकरण करा सकते हैं

### मुख्यमंत्री और मंत्री का आभार जताया

**बहादुरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों को राहत प्रदान करते हुए रबी फसलों के लिए औसत उत्पादन सीमा को बढ़ा दिया है। सरकार ने जौं के लिए औसत उत्पादन सीमा यानी एवरेज प्रोडक्शन कैप्स 15 क्विंटल से बढ़ाकर 16 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी है। सूरजमुखी के लिए आठ क्विंटल से बढ़ाकर 9 क्विंटल प्रति एकड़ और चने के लिए इसे पांच क्विंटल से बढ़ाकर छह क्विंटल प्रति एकड़ कर दिया है। इस फैसले से किसानों को अधिक लाभ होगा और उन्हें अधिक आर्थिक लाभ भी मिलेगा। राम अहलावत ने झज्जर जिले की सड़कों के सुधारीकरण के लिए करोड़ों की धनराशि जारी करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सैनी और लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा का धन्यवाद किया है।

श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माता का गुणगान किया

# सप्तम नवरात्र पर हजारों श्रद्धालुओं ने किए मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में माता के दर्शनों के लिए उमड़ी लोगों की भीड़, मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा को बाहर वाले मंदिर से अंदर वाले मंदिर लेकर जाते हुए मुख्य पुजारी। फोटो :हरिभूमि

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया
- श्रद्धालुओं ने फल, मिठाईयों आदि की जमकर खरीददारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

शुक्रवार को माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में सप्तम नवरात्र को हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। सुबह निर्धारित समय पर माता को सुरक्षा के बीच बाहर वाले मंदिर ले जाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माता का गुणगान किया। मेला में माता के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को जरूरी सुविधाएं प्रदान करने की समुचित व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है। माता के दर्शनों के लिए बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई है। उधर, श्रद्धालुओं ने अष्टमी के दिन कन्या पूजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके कारण अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की भीड़ बाजारों में ज्यादा रही और श्रद्धालुओं ने फल, मिठाईयों आदि की जमकर खरीददारी की।



बेरी। खोया –पाया केंद्र पर बिछड़े बच्चे को उंसके परिजनों को सौंपते पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### भीमेश्वरी देवी मेले में हर रोज अपनों से मिला रहा खोया–पाया केंद्र

**बेरी।** माता भीमेश्वरी देवी मेला में किसी कारण अपनों से बिछुड़े श्रद्धालुओं को परिजनों से मिलाने में जिला प्रशासन और सूचना,जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित खोया- पाया केंद्र सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मेला में हर रोज भीड़ के चलते किसी कारणवश अपने सगे संबंधियों और साथियों से अलग होने के कारण खोया पाया केंद्र में शिकायत दर्ज होते ही पुलिस द्वारा खोजकर केंद्र के माध्यम से तुरंत परिजनों को सौंपा जा रहा है। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि खोया पाया केंद्र में अब तक 50 से ज्यादा शिकायतें आई है। जिसे पुलिस की कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों ने तुरंत सूचना के आदान- प्रदान से मामलों का जल्द समाधान किया।



बेरी। मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में तैयारियों का जायजा लेते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

## मेला की तैयारियों को लेकर डीसी व डीसीपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**बेरी।** मां भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में अष्टमी को लगने वाले मुख्य मेला की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को डीसी प्रदीप दहिया और डीसीपी लोगेश कुमार पी धर्मनगरी बेरी पहुंचे और प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। डीसी प्रदीप दहिया ने मुख्य मेला की तैयारियों का जायजा लेते हुए कहा कि मेला में बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो,इसके लिए प्रशासन सजग और सतर्क है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला परिसर में सुरक्षा,पेयजल,अग्निशमन,अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी,पार्किंग,साफ सफाई, दोनों मंदिरों में रात्रि के समय प्रकाश की समुचित व्यवस्था आदि प्रबंधों को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नागरिक अस्पताल के एसएमओ से पर्याप्त स्टॉफ,आवश्यक दवाएं, एम्बुलेंस और मेडिकल में बैड की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेला परिसर के समीप ही एम्बुलेंस सुविधा के साथ ही मेडिकल केयर यूनिट की सुविधा होनी जरूरी है।

वहीं डीसीपी लोगेश कुमार पी ने मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मेले में पार्किंग और वाहनों की आवाजाही को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मेले में आने वाले नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी नाकों और विभिन्न पॉइंट्स को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की मजबूती के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा।

## एचएल सिटी में समर कार्निवल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएल सिटी के एवेन्यू मॉल में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शुक्रवार को समर कार्निवल की शुरूआत की गई। यह आयोजन 13 अप्रैल तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात को 9 बजे तक विभिन्न गतिविधियां होंगी।

रुरल एंड अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन, प्राचीन कारीगर संगठन, प्रगति, अनोखी एग्जिबिशन व अन्य संस्थाओं के सहयोग से एचएल सिटी में समर कार्निवल आयोजित किया जा रहा है। इसमें 7 अप्रैल तक डांडिया उत्सव मनाया जाएगा। बाल कलाकारों द्वारा डांडिया प्रस्तुत किया जाएगा। जबकि 13 अप्रैल को बैसाखी उत्सव के रूप में हरियाणा पंजाब लोक नृत्य होंगे। साथ ही प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा। शिल्पगुरु राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि समय-समय पर महिलाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम किए जाते हैं। यहां नई प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिलता है और वे आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करते हैं। रुडफ से अशोक कुमार प्रजापति, प्रगति से प्रियंका जैन, सुनीता , मानसी, अनोखी एग्जिबिशन से मधुमित्तल व किरण बंसल आदि मौजूद रहे। आयोजकों ने सहयोग के लिए एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून का आभार जताया।



बहादुरगढ़। समर कार्निवल का उद्घाटन करते राजेंद्र बोंदवाल व अन्य।

### वक्फ संशोधन बिल पारित होना महत्वपूर्ण कदम : नीलम

**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या नीलम अहलावत ने संसद द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने की सराहना करते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरन रिजिजू का आभार जताया है। यह मुसलमानों के लिए भी लाभकारी होगा। इन सुधारों से वक्फ प्रणाली में लंबे समय से लंबित पारदर्शिता आएगी। संसद द्वारा पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेगा। केंद्र सरकार को चाहिए कि हिंदू मंदिरों के रखरखाव के लिए हिंदू मंदिर बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए।



## सैन्य अधिकारी ने विद्यार्थियों को किया भारतीय सेना में जाने के लिए प्रेरित

- भारत में अगर सबसे ज्यादा सम्मानित और प्रतिष्ठित सेवा कोई है तो वो है भारतीय सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में शुक्रवार को कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में जाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि भारत में अगर सबसे ज्यादा सम्मानित और प्रतिष्ठित सेवा कोई है तो वो है भारतीय सेना। यह निर्विवाद रूप से सत्य है कि सैनिकों के बलिदान की वजह से ही हम सभी नागरिकों को आजादी से जीने का हक प्राप्त है। देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सबसे अच्छे संस्थान यानी भारतीय सेना में शामिल होना चाहिए। जो सेना राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा करती है।

सेना हमें सिखाती है कि निःस्वार्थ भाव से देश और वहां के नागरिकों की किस प्रकार सेवा करनी चाहिए। इस सत्र में विद्यार्थियों ने सैन्य बलों के अनुभवों को सीखने में भी गहरी रुचि दिखाई। व्याख्यान के दौरान लेफ्टीनेंट कर्नल प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों को त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानियां सुनाईं तथा सफलता प्राप्त करने में कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के महत्व से अवगत कराया।



झज्जर। प्रेरक सत्र के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप यादव। फोटो :हरिभूमि

### उत्साह और उमंग से नए सत्र की शुरुआत



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित डीपीएस के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने नए जोश और संकल्प के साथ शिक्षा के इस नए सफर की शुरुआत की। समारोह की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों ने अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्टता के मूल्यों को अपनाने की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा और जिम्मेदारी की भावना का संचार करना था। स्कूल डायरेक्टर प्रिया डागर ने कहा कि प्रत्येक सत्र एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। यह समय अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करने का है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महाराजा अग्रसेन होस्पिटल पंजाबी बाग की बहादुरगढ़ शाखा का उपप्रधान बनने पर सम्मान किया

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में श्रीनिवास गुप्ता का अभिनंदन किया गया। महाराजा अग्रसेन होस्पिटल पंजाबी बाग की बहादुरगढ़ शाखा का उपप्रधान बनने पर उनका सम्मान किया गया। श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी मेहनत, ईमानदारी, लगन और निष्ठा से निभाएंगे। कॉलेज मैनेजमेंट की तरफ से गजानंद गर्ग को अतिरिक्त उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, उपप्रधान पवन जैन, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, महासचिव सुरेश अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा, हैड क्लर्क नवीन गोयल व अकाउंटेंट आरती आदि मौजूद रहे।

### श्रीनिवास गुप्ता का किया अभिनंदन



बहादुरगढ़। श्रीनिवास गुप्ता का अभिनंदन करते संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

गुरुकुल की प्रधानाचार्या डा. राजन मान व आचार्या विद्यावती की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया

# गुरुकुल में प्रथम आचार्या स्व. बहन शांति का 92वां का जन्मोत्सव मनाया

- समारोह में गुरुकुल की छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लोवा कलां में स्थित श्री रंजीत स्मारक शांति निकेतन कन्या गुरुकुल में गुरुकुल की प्रथम आचार्या स्व. बहन शांति का 92वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में गुरुकुल की छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गुरुकुल की प्रधानाचार्या डा. राजन मान व आचार्या विद्यावती की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक राजेश जून ने गुरुकुल की प्रथम आचार्या स्व. बहन शांति आचार्या की तस्वीर पर पुष्प व माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि शांति आचार्या द्वारा लगाया गया यह गुरुकुल रूपी पौधा वट वृक्ष बन चुका है। उन्होंने अपनी नेक कमाई से गुरुकुल में 11 हजार रुपए की धनराशि तथा सभी 175 कन्याओं को 100-100 रुपए भेंट किए। उन्होंने कहा गुरुकुल भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली है, जिसकी हम सभी को मिलकर सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान अशोक मान, अशोक जून, कैप्टन मान सिंह दलाल, डा.सतबीर गुभाणा, जयपाल दहिया, राजेश राठी, संतलाल मलिक, बिजेंद्र खोखर, मा. दलबीर, कौशल्या राठी, रुकमेश सांगवान, पूर्व स्नातिका सुमित्रा, विजयलक्ष्मी, कृष्णा, बसंती व सुनीता आदि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। मंच का संचालन बहन प्रति व अनु आर्या ने संयुक्त रूप से किया।





बहादुरगढ़। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती गुरुकुल की कन्याएं, विधायक राजेश जून को स्मृति चिह्न भेंट करती डॉ. राजन मान व अन्य। फोटो :हरिभूमि

Chukde Spices Combo
GET FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

UPTO 80% OFF

## BIG DISCOUNTS SALE
05 APRIL TO 11 APRIL

ROHTAK
BAHADURGARH
JHAJJAR
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹125
RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹135
MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹89
MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹77
VADILAL ICE CREAM — UPTO 50% OFF ON MRP
ORION CHOCO-PIE 25X10 GM — BUY 1 GET 1 FREE

KAAJU 500G — OUR PRICE ₹490
WALLNUT (AKHROT) 250G — OUR PRICE ₹365
KISHMISH JUMBO SIZE 1KG — OUR PRICE ₹350
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
SPESH SHARBAT 750 ML — 20% OFF ON MRP
MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99
RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 — OUR PRICE ₹95

HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT MRP 750ML ₹180 — OUR PRICE ₹155
CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
HITKARY ALL VARIENTS 700ML — 20% OFF ON MRP
PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 — OUR PRICE ₹949
KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg — 40% OFF ON MRP
DAAWAT rozana rice GOLD 5KG MRP ₹600 — OUR PRICE ₹399

BISLERI WATER BOTTLE 24*250ml MRP ₹144 — OUR PRICE ₹120
BISLERI LIMONATA 600ml — BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE — 50% OFF
FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 — OUR PRICE ₹152
GO CHEESE SLICE 200gm — BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI SOOJI/MAIDA/ DALIYA — BUY 2 GET 1 FREE
PREET LITE GHEE 1Ltr. — OUR PRICE ₹315

COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR 2L WITHOUT OFFER — OUR PRICE ₹79
LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 — OUR PRICE ₹185
FRESCA JUICE 1Ltr. — BUY 1 GET 3 FREE
FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 — OUR PRICE ₹159
MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. — OUR PRICE ₹549
PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 — OUR PRICE ₹1428
AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 — OUR PRICE ₹435

TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹540 — OUR PRICE ₹379
SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 — OUR PRICE ₹699
BABY HUG DIAPERS ADVANCED 72N — BUY 1 GET 1 FREE
k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS — UPTO 10% OFF ON MRP
KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP — BUY 1 GET 1 FREE
ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG — BUY 1 GET 1 FREE

TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 — OUR PRICE ₹799
ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 — ₹250 OFF
ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR — 33% OFF

UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar — DISCOUNT 30%
JOCKEY — DISCOUNT 20%
BODYCARE — DISCOUNT 20%
DIXCY SCOTT — DISCOUNT 30%
LUX cozi — DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN — DISCOUNT 20%
MACROMAN — DISCOUNT 30%
U.S. POLO ASSN. — DISCOUNT 20%
MACHO UNDERWEAR — DISCOUNT 30%

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480
**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.